तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 22 जुलाई 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 बोल बम के नारों से गूंजी कांवड़ यात्रा





आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183


## नकिपुरिया वार्ड के पास थी खड़ी, अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से चोरी हो गई संजीवनी 108 एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से अब तक बाइक, साइकिल की चोरियां होने की बात आपने सुनी होंगी लेकिन अब अस्पताल परिसर से एक एंबुलेंस ही चोरी हो गई है। हैरानी की बात तो यह है कि पिछले एक सप्ताह के भीतर एम्बुलेंस अब और किस दिन चोरी हुई इसकी जानकारी ना ही कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों को है और ना ही अस्पताल प्रबंधन को हैं लेकिन एम्बुलेंस गायब है। संजीवनी 108 एम्बुलेंस चोरी होने की शिकायत कंपनी के जिला प्रभारी की ओर से पुलिस से की गई है जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है वहीं इस घटना के बाद अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर से सवालों के घेरे में आ गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर ही अस्पताल प्रबंधन हर महीने लगभग 7 लाख रुपए खर्च करता है।

**खास बात**

- कब चोरी हुआ वाहन कम्पनी को भी नहीं लगी भनक, अब थाने में की गई शिकायत

प्रदेश के साथ ही सरगुजा में भी संजीवनी 108 एम्बुलेंस का संचालन निजी कंपनी द्वारा किया जाता है। जिले की बात की जाए तो जिले को 17 एम्बुलेंस मिले हुए है जिनका संचालन जरूरत के अनुसार किया जाता है। ये एम्बुलेंस सूचना आने पर मरीज लेने जाती है आए फिर एम्बुलेंस को मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में ही खड़ी कर दिया जाता है। बताया जा रहा है कि कम्पनी की एक एम्बुलेंस क्रमांक सीजी 02-6563 भी पिछले कई दिनों से अस्पताल एमसीएच परिसर में नकीपुरिया वार्ड के बाहर ही खड़ी थी लेकिन अब यह एम्बुलेंस चोरी हो गई है। एम्बुलेंस चोरी होने की बात कंपनी के कर्मचारी भी मान रहे है और अस्पताल प्रबंधन भी यह कह रहा है कि एम्बुलेंस चोरी हुई है लेकिन बड़ा सवाल यही है कि एम्बुलेंस का अस्पताल परिसर से चोरी हो जाना आखिर किसकी लापरवाही है जबकि अस्पताल में हरपल सुरक्षाकर्मी तैनात रहते है। अस्पताल प्रबन्धन का कहना है कि कंपनी के एम्बुलेंस हमारे परिसर में खड़ी रखते है और सूचना पर मरीज लेने जाते है। इसके संचालन पर पूरा नियंत्रण कंपनी का है। वहीं एम्बुलेंस कंपनी के लोगों को यह पता नहीं लग पाया कि उनकी एक एम्बुलेंस चोरी हो गई है। सबसे बड़ी बात यह कि एम्बुलेंस चोरी होने के बाद कंपनी ने शनिवार को थाने में इसकी सूचना दे दी लेकिन जिस मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से एम्बुलेंस चोरी हुई उस प्रबंधन को कंपनी ने एक लिखित सूचना पत्र तक देने की जहमत अब तक नहीं उठाई है।



अस्पताल परिसर में खड़ी एम्बुलेंस।

### स्टेयरिंग टाइट होने के कारण थी खड़ी

इस मामले में संजीवनी 108 की ओर से जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक एम्बुलेंस नियमित रूप से मरीज लेने जा रही थी लेकिन हाल ही में उसका स्टेयरिंग टाइट होने के कारण खड़ी किया गया था और स्टेयरिंग के पार्ट्स मंगवाए गए थे। एम्बुलेंस के रनिंग कंडीशन में होने के कारण संभावना यही जताई जा रही है कि चोरों ने पूरी योजना के तहत इसकी चोरी की है।

### कंपनी के लोग भर्ती में थे व्यस्त

कंपनी के सरगुजा प्रभारी डीएम संदीप यादव का कहना है कि 108 एम्बुलेंस के संचालन हेतु कंपनी की ओर से ईएमटी-पायलट के भर्ती हेतु शिविर पीजी कॉलेज मैदान में लगाया था। इस दौरान 13 से 16 जुलाई के बीच ही संभवतः एम्बुलेंस की चोरी की गई है क्यों कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान कंपनी के लोग भर्ती में बिजी थे और उन्हें 17 जुलाई को यह एहसास हुआ कि एक एम्बुलेंस चोरी हो गई है जिसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की। शिकायत के बाद मणिपुर थाना पुलिस द्वारा अस्पताल परिसर के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई लेकिन अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि एम्बुलेंस किस दिन और कितने बजे चोरी हुई है।

### अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में

मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रबंधन द्वारा निजी कंपनी सीडीओ के साथ अनुबंध किया गया है और सीडीओ कंपनी द्वारा ही सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए है। अस्पताल में कुल 60 सुरक्षाकर्मी तैनात है जिनकी शिफ्ट के अनुसार ड्यूटी लगती है। बड़ी बात यह है कि इन सुरक्षा कर्मियों को कलेक्टर दर पर 10 हजार रूपए वेतन का भुगतान किया जाता है। सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर अस्पताल प्रबन्धन द्वारा सुरक्षा के नाम पर 84 लाख रूपए प्रतिवर्ष खर्च किए जाते है लेकिन इसके बाद भी अस्पताल परिसर से आए दिन बाइक चोरी होने की बात सामने आती रहती है। कई बार चोर अस्पताल के उपकरणों के तार को काटकर ले जाते है लेकिन इस बार पूरी की पूरी एम्बुलेंस की अस्पताल से चोरी हो गई है। ऐसे में अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे है।

### चल रही है जांच

जिला अस्पताल परिसर से एम्बुलेंस चोरी की शिकायत मणिपुर थाने में की गई है। इस मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी

### मिली है सूचना

हमें भी सूचना मिली है। 108 संजीवनी एम्बुलेंस परिसर में रहते है। हमारे पास कोई लिखित शिकायत कंपनी की ओर से अब तक नहीं की गई है। पुलिस को मामले की शिकायत हुई है और पुलिस इसकी जांच कर रही है। अस्पताल परिसर में सुरक्षा के इंतजाम किए गए है। पुलिस की जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

-डॉ आरसी आर्या
अधीक्षक

# एक साथ तीन बच्चे हुए लापता, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर क्षेत्र में एक साथ तीन बच्चों के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। तीनों ही बच्चे एक ही दिन खेलने के नाम पर घर से निकले थे। अब इस मामले में परिजन ने पुलिस से शिकायत की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा बच्चों की तलाश की जा रही है। हालांकि बच्चों के रायपुर जाने की बात सामने आई है।

- परिजन ने थाने में दर्ज कराई शिकायत, वाड्रफनगर का मामला

बताया जा रहा है कि वाड्रफनगर के वार्ड क्रमांक 3 के रहने वाले 12 से 13 साल के बच्चे 20 जुलाई की दोपहर खाना पीना खाने के नाम पर घर से निकले थे। कुछ बच्चे खेलने के नाम पर तो कोई सामान लेने के लिए घर से आया था लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी बच्चे वापस अपने घर नहीं लौटे। बच्चों के वापस नहीं आने पर उनके माता-पिता ने तलाश शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बच्चों का सुराग नहीं मिला तो उन्होंने मामले की शिकायत वाड्रफनगर पुलिस से की है। इधर सूचना मिलने के बाद शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने बच्चों की तलाश के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज जांच के साथ आस पास के लोगों से पूछताछ की। इस घटना के बाद परिजन सदमें में है। परिजन का कहना है कि बच्चों को कोई काम के नाम पर बहला फुसलाकर ले गया है। वहीं दिनभर चली जांच के बाद यह जानकारी सामने आई है कि बच्चे खुद ही घूमने निकल गए और वे रायपुर चले गए है। बच्चों के रायपुर में देखें जाने की बात सामने आई है जिसके बाद बच्चों को बरामद करने के लिए टीम को रवाना किया गया है। बच्चों के बरामद होने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि बच्चे घूमने निकले थे या फिर कोई इन्हें जबरन लेकर जा रहा था।

इस संबंध में एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने बताया कि बच्चों के गुमशुदगी की शिकायत मिली है। बच्चों की तलाश की जा रही है और उनके रायपुर की ओर देखे जाने की सूचना है। जल्द ही बच्चों को बरामद किया जाएगा।

## यात्री बस एवं बाइक में भिड़ंत, बाइक सवार की गई जान

**डांड़गांव।** अम्बिकापुर बिलासपुर नेशनल हाईवे मार्ग तारा चौकी अंतर्गत ग्राम जनार्दनपुर मोड़ के समीप रविवार की शाम करीब 7.30 बजे अम्बिकापुर से कोरबा जा रही यात्री बस क्रमांक सीजी 15 एबी 0310 व बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। बस व बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार डांड़गांव निवासी विजय सिंह आ. मनी राम (30 वर्ष) की घटनास्थल पर मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगते ही तारा चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को निजी वाहन से प्रेमनगर अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना कारित बस को जब्त किया है। बताया जा रहा है बाइक सवार हेलमेट नहीं पहना था जिससे सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। लोगों का कहना है कि अगर युवक हेलमेट पहना होता तो शायद उसकी जान बच जाती। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 23 को, पंजीयन जारी

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर के निर्देशानुसार कौशल तिहार 2025 का आयोजन 21 से 31 जुलाई तक किया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं को तकनीकी कौशल के प्रदर्शन का अवसर प्रदान कर आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना है, साथ ही इंडिया स्किल 2025 एवं वर्ल्ड स्किल 2026 के लिए संभावित प्रतिभाओं की पहचान व चयन किया जाना है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (हेल्थ केयर सेक्टर) एवं असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन (कंस्ट्रक्शन सेक्टर) कोर्स में विगत तीन वर्षों में प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं के लिए जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन 23 जुलाई को प्रातः 10 बजे से जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज भवन, नमना रोड, अंबिकापुर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी 22 जुलाई तक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं।

### गौरी मंदिर में फाउंडेशन के तत्वाधान में भंडारा 24 को

**अम्बिकापुर।** राजेन्द्र नाथ तिवारी फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित जन जागृति कार्यक्रम, सेवा कार्यक्रम, भंडारा कार्यक्रम पिछले तीन वर्षों से लगातार आयोजित कर समाज के विभिन्न वर्गों में सामाजिक उत्थान का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें फाउंडेशन के कार्यों में समाज के सभी वर्ग के लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। सामाजिक क्षेत्र में राजेन्द्र नाथ तिवारी फाउंडेशन के आगामी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाने का लक्ष्य निर्णय लिया है। इसी कड़ी में 24 जुलाई की सुबह 10 बजे से पुलिस लाइन गौरी मंदिर में भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगों द्वारा सहयोग एवं सेवा कार्य किया है। फाउण्डेशन में अपना योगदान अजय तिवारी, मंगल पाण्डेय, अजय श्रीवास्तव, आलोक शुक्ला, मंगल जायसवाल, शशी शेखर शर्मा, निखिल राज जायसवाल, शुभम तिवारी, कमलेश मिश्रा, लखन गुप्ता, संतोष सिंह, सर्वजीत पाठक, मोहित द्वारा विशेष रूप से दिया जा रहा है।


### ट्रक मालिक संघ एवं कैट नहीं देगा आर्थिक बंदी को समर्थन

**अम्बिकापुर।** कांग्रेस द्वारा 22 जुलाई को घोषित राज्य स्तरीय आर्थिक बंदी को सरगुजा संभागीय ट्रक मालिक संघ एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने समर्थन नहीं देने का निर्णय लिया है। सरगुजा संभागीय ट्रक मालिक संघ एवं कैट के अध्यक्ष रविन्द्र तिवारी ने बताया कि व्यापार एवं परिवहन जैसी आवश्यक सेवाओं का संचालन आम नागरिकों की जीवन शैली, आर्थिक स्थिरता और दैनिक आवश्यकताओं से सीधा जुड़ा होता है तथा कोई भी बंद व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, श्रमिकों और आम जनता के हितों के प्रतिकूल होता है। उन्होंने विरोध दर्ज कराने के शांतिपूर्ण एवं रचनात्मक माध्यमों का हवाला देकर दोनो संगठनों द्वारा आंदोलन को समर्थन नहीं देने एवं अपने व्यवसायों को पूर्व वत संचालित करने की बात कही।

# कांग्रेस करेगी आज आर्थिक नाकेबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर आज जिला कांग्रेस कमेटी सड़क जाम कर आर्थिक नाकेबंदी करेगी। बीटीआई के समीप सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बनारस मार्ग पर चक्का जाम किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने बताया कि प्रदेश सरकार कुछ चंद बड़े व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखकर प्रदेश की जनता के हितों को अनदेखी कर रही है। प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिलेभर के कांग्रेसी मंगलवार को 22 जुलाई को बीटीआई के पास सड़क जाम करेगी। बनारस रोड छत्तीसगढ़ को उत्तरी भारत से जोड़ता है और इस मार्ग पर बड़ी संख्या में मालवाहक वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। यही वजह है कि आर्थिक नाकेबंदी के लिए इस मार्ग का चयन किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने ईडी द्वारा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को पूरी तरह से जलन एवं निराधार आरोपो के साथ की गई कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि जन्मदिन के ही दिन चैतन्य की गिरफ्तारी कर भूपेश बघेल पर दबाव बनाने के लिए ही ईडी ने यह कार्रवाई की है।



श्री पाठक ने कहा कि कल के आर्थिक नाकेबंदी में एंबुलेंस सेवा, स्कूली बच्चों की वैन, बसो एवं आम नागरिकों के वाहन को इस चक्काजाम से मुक्त रखा गया है। उन्होंने बताया कि चक्काजाम के बाद कांग्रेस बिजली विभाग के डीई ऑफिस का भी घेराव करेगी। इन दोनों कार्यक्रमों में कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं में कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं, सभी ब्लॉक पदाधिकारियों सहित सभी मण्डल अध्यक्ष व संगठन के लोग शामिल होंगे।

### तमिलनाडु में आयोजित कॉर्फबॉल प्रतियोगिता में शामिल होंगे सरगुजा के खिलाड़ी

अंबिकापुर। चेन्नई में होने वाले राष्ट्रीय कॉर्फबॉल चैम्पियनशिप के लिए सरगुजा जिले के खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है। सरगुजा के कॉर्फबॉल खिलाड़ी तमिलनाडु में प्रदेश की टीम के लिए खेलेंगे। बता दें कि 21वीं सब जूनियर एवं 30वीं जूनियर राष्ट्रीय कॉर्फबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 24 से 27 जुलाई तक चेन्नई, तमिलनाडु में किया गया है। इस प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम में सरगुजा कॉर्फबॉल खिलाड़ियों का चयन हुआ है। टीम में जूनियर वर्ग में अभिषेक शर्मा, श्रेया उपाध्याय, विभा सोनवानी, सब-जूनियर टीम रुद्राक्षी जैन, संजना मिंज, रजनीकांता, रित्विक राज गुप्ता, आयुष बारी शामिल हैं। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि इन खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर टीम में अपनी जगह बनाई है। यह सरगुजा जिला के लिए गर्व की बात है कि यहां से इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिला कॉर्फबॉल संघ के सभी पदाधिकारियों, कोच एवं अभिभावकों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# बस से गांजा की तस्करी करते चार अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/वाड्रफनगर

बलरामपुर जिले में पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। देर रात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 92 किलो ग्राम गांजा बरामद किया है। बड़ी बात यह है कि तस्कर बेखौफ होकर बस के माध्यम से गांजा की तस्करी कर रहे थे। आरोपियों ने अपने बड़े बड़े बैग में गांजा भरकर रखा गया था और गांजा लेकर उड़ीसा से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहे थे। पुलिस द्वारा 30 लाख रूपए का गांजा जब्त किया गया है।

- 30 लाख रूपए का गांजा जब्त, उड़ीसा से जा रहे थे यूपी

बता दें कि एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर जिले भर में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। जिले की सरहदी क्षेत्रों में विशेष रूप से मुखबिर तैनात किए गए है और चेकिंग प्वाइंट्स लगाए गए है। इसी कड़ी में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बस में कुछ लोगों द्वारा भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलने के बाद एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी व एसडीओपी राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में पुलिस ने 21 जुलाई की रात वाड्रफनगर चौकी क्षेत्र में संदेह के आधार पर महिंद्रा बस क्रमांक यूपी 17 एटी 3835 को रोककर उसकी तलाशी ली तो बस में चार संदिग्ध लोग पकड़े गए। पुलिस ने जब संदेही लोगों से पूछताछ करने के साथ ही उनकी तलाशी ली तो आरोपियों के पास मौजूद बैग में गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने उड़ीसा से गांजा लेकर उत्तर प्रदेश जाने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपियों के चारों आरोपियों से एक-एक किलो के कुल 92 पैकेट गांजा बरामद किया है। पुलिस द्वारा जब्त किए गए 92 किलो गांजा की कीमत 30 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस मामले में उड़ीसा सुन्दरगढ़ महेशडीह निवासी 23 वर्षीय राज मुंडा आ. रवि मुण्डा, सुन्दरगढ़ महेशडीह टेंगीबाड़ी निवासी 25 वर्षीय सोनू बरुवा आ. मदन बरूवा, सुन्दरगढ़ लूराडीपा निवासी 23 वर्षीय विक्रम भेंगरा आ. लिनियुस भेंगरा व 23 वर्षीय विजय सेर्देरिया आ. संजय सेर्देरिया धासी को बसंतपुर थाना प्रभारी जितेन्द्र सोनी व सउनि पुष्पराज सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20बी, (2)(सी) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### जशपुर के रास्ते तस्करी, अंबिकापुर में भी हाल्ट

अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि तस्कर उड़ीसा से बड़े पैमाने पर गांजा की सप्लाई अन्य राज्यों में कर रहे है। तस्कर उड़ीसा से बस व अन्य वाहनों की मदद से जशपुर आते है और जशपुर के कुनकुरी से ऑटो व अन्य वाहनों में बैठकर वे अंबिकापुर तक जा रहे है। अंबिकापुर में रुकने के बाद तस्कर बस से वाड्रफनगर के रास्ते यूपी जाते है या फिर बलरामपुर होते हुए झारखंड, बलंगी होते हुए एमपी निकल जाते है। उड़ीसा से ही सबसे अधिक गांजा की सप्लाई हो रही है।

### चल रही है पूछताछ

पुलिस ने अच्छी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करों को पकड़ा है। पुलिस ने कुल 30 लाख का गांजा बरामद किया है। तस्करी उड़ीसा से जशपुर के रास्ते छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रहे है। इस मामले में अभी पूछताछ चल रही है।

-वैभव बैंकर रमनलाल, एसपी

## पिछले साल विभाग ने कराया था दोबारा निर्माण

# मूसलाधार बारिश में बही बतौली-कदनई पुलिया, टूटा दो गांवों का संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सेदम

बीती रात हुई मूसलाधार बारिश में बतौली-करदना मार्ग की पुलिया बहने से दूरस्थ ग्राम करदना एवं कदनई का संपर्क टूट गया है। पीएमजीएसवाई सड़क के अतिरिक्त इन गांवों में आवागमन का कोई दूसरा साधन नहीं है।

पिछले डेढ़ महीने से क्षेत्र में लगातार वर्षा हो रही है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण बारिश शुरू होने के कुछ देर बाद ही नदी-नाले उफान पर आ जा रहे हैं तथा आवागमन प्रभावित हो जा रहा है बीती रात जमकर वर्षा हुई जिससे बतौली-करदना मार्ग स्थित कोरकोट ढाब नाला उफान पर आ गया तथा नाला का पानी घंटों पुलिया के ऊपर से बहता रहा। इस दौरान नाले के तेज बहाव में बतौली-करदना प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क की पुलिया बह गई। सुबह ग्रामीण जब सफर के दौरान पुलिया के पास पहुंचे तो पुलिया बहने की जानकारी मिली। इसी मार्ग से दूरस्थ ग्राम करदना एवं कदनई के ग्रामीण आवागमन करते हैं। ग्राम करदना विकासखंड बतौली का सीमावर्ती ग्राम है जबकि ग्राम कदनई विकासखंड मैनपाट का हिस्सा है। इसी मार्ग से ग्राम कदनई के ग्रामीण तहसील मुख्यालय बतौली जबकि ग्राम करदना सहित आसपास के गांवों के लोग जिला मुख्यालय अम्बिकापुर आवागमन करते है।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के अतिरिक्त इन गांवों में आवागमन का कोई दूसरा वैकल्पिक मार्ग नहीं है। पिछले साल भी मूसलाधार बारिश के दौरान पुलिया बह गई थी। विभाग ने पुलिया का दोबारा निर्माण कराया था जो बीती रात हुई मूसलाधार बारिश में बह गई।



क्षतिग्रस्त पुलिया।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने होटल दुकानों में चलाया जांच अभियान

**अम्बिकापुर।** रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर खाद्य एवं औषधि प्रशासन सरगुजा द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। राज्य शासन के निर्देश पर खोवा, कुंदा, डोडा बर्फी, मिल्क केक, पनीर जैसे दुग्ध-आधारित खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए सघन निरीक्षण किया गया। इस अभियान के तहत न्यू बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर स्थित मिठाई और डेयरी दुकानों का निरीक्षण किया गया।

वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरआर देवांगन एवं प्रशांत कुमार तिवारी की टीम द्वारा जय मां महामाया डेयरी, जय मां तारा डेयरी, मोहन भोग स्वीट्स एंड बेकर्स, खलिबा डेयरी, विजय गुप्ता अंबिकापुर से विधिक नमूने संकलित किए गए। इन प्रतिष्ठानों से लिए गए खोवा, पनीर, कृष्णा डिलीशियस स्वीट्स सहित कुल 5 नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। त्योहारों में मिलावट की संभावना अधिक होने के कारण नागरिकों से आह्वान किया गया है कि कि वे केवल स्वच्छ, प्रमाणित एवं लाइसेंस प्राप्त प्रतिष्ठानों से ही खाद्य सामग्री खरीदें।

## खबर संक्षेप

### राजीव भवन में कांग्रेस की बैठक आज

**बैकुण्ठपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 22 जुलाई को कांग्रेस जिला कार्यालय राजीव भवन में 11 बजे जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक डॉ.विनय जायसवाल की उपस्थिति में मंडल एवं सेक्टर का पुनर्गठन के लिए बैठक आयोजित की गई है। उक्त जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि इसी दिन कांग्रेस द्वारा कांग्रेस कार्यालय के समक्ष आमसभा किया जाएगा एवं चक्काजाम आंदोलन भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों एवं ईडी की द्वेषपूर्ण कार्रवाई के विरोध में किया जाएगा, इसके पश्चात प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकाबंदी, चक्काजाम, आंदोलन आयोजित किया गया है। वहीं विद्युत दर वृद्धि के विरोध में कार्यालय घेराव एवं ज्ञापन राज्यपाल के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### ऑनलाइन एंट्री के लिए लगी ड्यूटी

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर कार्यालय के आदेशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के द्वारा ब्लॉक भरतपुर के निवासियों की सुविधा के लिए भरतपुर में अपर कलेक्टर विनायक शर्मा के द्वारा जनदर्शन प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ मंगलवार को लिया जाना प्रस्तावित है। जिसमें प्राप्त आवेदनों को ऑनलाइन पोर्टल में इन्द्राज करने एवं निराकरण करने के लिए, राजीव प्रधान डाटा एंट्री ऑपरेटर (भुईया) को ऑनलाइन आवेदनों को पोर्टल में दर्ज एवं निराकरण करने, रमाकांत सिंह डाटा एंट्री ऑपरेटर (निर्वाचन) को सहायक, रावेन्द्र पाण्डेय सहायक ग्रेड 3 को कार्य का निरीक्षण कर अवगत कराने, संकल्प सिंह सहायक ग्रेड 3 को ऑनलाइन को पंजीबद्ध करने की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही श्रीलाल बैगा तथा बृजबहादूर सिंह भृत्य की भी ड्यूटी लगाई गई हैं।

### नपाध्यक्ष ने वार्डों का किया भ्रमण

**बैकुण्ठपुर।** सोमवार को नगरपालिका बैकुंठपुर की अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, वार्ड पार्षद अवधेश सिंह, धीरज शिवहरे के द्वारा पालिका के कर्मचारियों के साथ वार्ड में बिगड़ी स्ट्रीट लाइट एवं रोड किनारे गाजर घास की सफाई कराया गया। वार्डों में मशीन के उपयोग से घास कटिंग करने के साथ मौसमी गाजर घास की भी सफाई करा कीटनाशक की भी छिड़काव किया गया, जिसमें सुबह से सभी सफाई कर्मचारियों व बिजली विभाग के लिफ्टर से और कर्मचारियों के द्वारा लाइट ठीक कर, कई नई लाइट लगाया गया।

## गेज बांध स्थित शिव मंदिर के लिए कांवरिया

# बोल बम के नारों से गूंजी कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सावन माह के दूसरे सोमवार को जिला मुख्यालय के समीप छिंदडांड के कोड़िया बांध शिव मंदिर से गेज बांध शिव मंदिर तक शिवभक्तों ने भक्ति भाव से ओत-प्रोत कांवड़ यात्रा निकाली।

इस पवित्र यात्रा में महिलाएं, युवा तथा छोटे-छोटे बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। श्रद्धालु भक्तों ने कौड़ियां बांध से पवित्र जल भरकर भगवान शिव के जयकारों बोल बम, हर-हर महादेव के साथ गेज बांध शिव मंदिर तक पदयात्रा की। वहां पहुंचकर सभी ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। पूरी यात्रा के दौरान विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था संभालते हुए श्रद्धालुओं के लिए जलपान, चिकित्सा सहायता एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की।



कॉवर यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### प्रेमाबाग में हुई विशेष पूजा-अर्चना



शहर समेत जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी रही। शहर के प्रसिद्ध प्रेमाबाग शिव मंदिर में सुबह होते ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। विधि-विधान से भक्तों ने बेलपत्र, जल, दूध, धतूरा, भस्म और पुष्प आदि अर्पित कर भगवान शिव की आराधना की। प्रेमाबाग शिव मंदिर में हर सोमवार को अखंड रामायण का आयोजन किया जा रहा है। वहीं शहर के पुलिस लाइन, स्कूलपारा, घेर, ओड़गी नाका, झुमका बांध, सोनहत मार्ग के जंगलों में स्थित शिवघाट मंदिर और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में भी भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।

### भवानी तिगड्डा समिति ने कराया भोग-भंडारा



सोमवार को बैकुंठपुर की दुर्गा पूजा समिति भवानी तिगड्डा के तत्वावधान में दुर्गा मंदिर पीपल पेड़ के नीचे विशाल भोग-भंडारे का आयोजन किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि सावन मास के प्रत्येक सोमवार को भंडारे का आयोजन नियमित रूप से करने का संकल्प लिया गया है। भंडारे में चंदन गुप्ता (भाई जी) के सहयोग से तथा समिति के अन्य सक्रिय सदस्यों के द्वारा भोग का निर्माण एवं वितरण किया गया।

### मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**चरचा कॉलरी।** सोमवार को चरचा कॉलरी क्षेत्र के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालु सुबह 5 बजे से ही मंदिरों में जुटने लगे और पूजा-अर्चना का क्रम देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा, भांग, आंकड़ा, चंदन, दूध, चावल, भस्म व रुद्राक्ष अर्पित किए। बस स्टैंड महादेव मंदिर में सुबह से भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। सुभाष नगर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, बीटीसी मुक्तेश्वर महादेव, स्टाफ कॉलोनी शिव-पार्वती मंदिर, माता जगत जननी मंदिर में भी जलाभिषेक और पूजा-अर्चना की गई। सावन सोमवार के अवसर पर भंडारा व प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी जगह-जगह की गई थी। बस स्टैंड शिव मंदिर में अजय मंडल व उनकी टीम द्वारा खिचड़ी भंडारा किया गया। थाना चरचा परिसर में थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय व पुलिस कर्मियों के सहयोग से भंडारा आयोजित हुआ। सुभाष नगर शिव मंदिर, चरचा ईस्ट काली मंदिर और हनुमान मंदिर प्रांगण में रोशन ओझा द्वारा खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल ने सावन सोमवार के अवसर पर सभी मंदिर परिसरों की विशेष साफ-सफाई करवाई गई।

### संगीत के संग रूद्राभिषेक

**मनेन्द्रगढ़।** श्रावण मास की पुण्य बेला में नगर में भक्ति की अविरल धारा बह रही है। इसीक्रम में वार्ड क्रमांक 12 सीएमओ बंगले के सामने स्थित प्राचीन श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में सोमवार को भव्य संगीतमय रूद्राभिषेक का आयोजन हुआ। श्रद्धा, भक्ति और शांति के वातावरण में संपन्न इस आयोजन में काफी संख्या में श्रद्धालु, विशेष रूप से महिलाओं ने भाग लेकर भगवान शिव की आराधना की और पुण्य लाभ अर्जित किया। पीपल वृक्ष की छांव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार और संगीतमय वातावरण के बीच भगवान शिव का विधिपूर्वक रूद्राभिषेक किया गया। ऊँ नमः शिवाय के मंत्रोच्चार और शिव भजनों की मधुर ध्वनि से मंदिर परिसर शिवमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय भजन मंडलियों द्वारा शिव तांडव स्तोत्र, शिव महिम्न स्तोत्र, आरतियों एवं भक्तिपूर्ण गीतों की प्रस्तुति से समस्त श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया। मंदिर समिति की ओर से जानकारी दी गई कि श्रावण मास में प्रतिदिन मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन हो रहे हैं, इनमें नगरवासियों की सहभागिता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। विशेष रूप से सावन सोमवार को श्रद्धालुओं की काफी संख्या में उपस्थिति रहती है। इस अवसर पर नगर की वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती इंद्रा सेंगर, लक्ष्मी जायसवाल, सरोज ताम्रकार, ऋतु पाठक, रीता देवी, माया देवी, कनक सेंगर, गुनगुन पाठक, नीतू सिंह, सरिता पाण्डेय समेत अनेक श्रद्धालु महिलाएं उपस्थित रहीं। महिला समिति की प्रमुख श्रीमती लक्ष्मी जायसवाल ने बताया कि जो श्रद्धालु भगवान शिव का पार्थिव पूजन या रूद्राभिषेक कराना चाहते हैं, वे मंदिर पहुंचकर संपर्क कर सकते हैं।





प्रदर्शन में शामिल शिक्षक।

# दो सूत्रीय मांगों को लेकर सेजेस संविदा शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में कार्यरत संविदा शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर 20 जुलाई को प्रदेशव्यापी सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन छग स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक व कर्मचारी संघ के बैनर तले राज्य के 28 जिलों में आयोजित किया गया।

कोरिया जिले में भी इस प्रदर्शन का व्यापक असर देखने को मिला। जिले के शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोपाल दत्त उर्मलिया ने बताया कि कोरिया के सभी संविदा शिक्षक इस प्रदेश स्तरीय आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि शासन उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए उनके हित में निर्णय लेगा। संघ की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम एक ज्ञापन भी जिला प्रशासन को सौंपा गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव के मार्गदर्शन में हुए इस आंदोलन की दो मुख्य मांगे रही। इसमें नियमित वेतनवृद्धि और वेतनमान निर्धारण, शिक्षा विभाग में समावेशन एवं नियमितीकरण। संविदा शिक्षकों ने बताया कि वे वर्ष 2020 से लगातार पूर्णकालिक सेवा दे रहे हैं, बावजूद इसके उन्हें न तो नियत वेतनमान मिल रहा है और न ही वार्षिक वेतनवृद्धि का कोई प्रावधान किया गया है। संघ ने यह बताया कि पूर्व शिक्षामंत्री एवं वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी सार्वजनिक मंचों से इन मांगों का समर्थन कर चुके हैं।

### सेवा में स्थायित्व और सम्मान की मांग

संविधान के अनुच्छेदों का हवाला देते हुए संघ ने यह मांग की कि शिक्षकों को शिक्षा विभाग में समाहित कर नियमित किया जाए, जिससे उन्हें सेवा सुरक्षा मिल सके कऔर वे निडर होकर शिक्षा गुणवत्ता में बेहतर योगदान दे सकें। प्रदेशभर में 13 से 14 हजार संविदा शिक्षक आत्मानंद स्कूलों में कार्यरत हैं। इनमें से अधिकांश शिक्षकों को उनके पद के अनुसार नियमित कर्मचारियों से 10 से 15 हजार रूपए तक कम वेतन मिलता है। संविदा शिक्षक 2020 से सेवा में हैं, लेकिन आज भी कई जिलों में उन्हें मानदेय समय पर नहीं मिल पाता, जिससे आर्थिक संकट उत्पन्न होता है, बावजूद इसके सीमित संसाधनों के साथ इन शिक्षकों ने स्कूलों को राज्य के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में तब्दील करने में अहम भूमिका निभाई है।

# एक पेड़ मां के नाम थीम पर कॉलेज में पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राष्टीय सेवा योजना की महिला एवं पुरूष इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की प्राचार्य एवं जिला संगठनकर्ता डॉ.एमसी हिमधर के संरक्षण तथा कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जयश्री प्रजापति के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर जिला संगठनकर्ता डॉ. हिमधर ने अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम प्रत्येक वर्ष एक पौधा अपनी मां के नाम से अवश्य लगाएं और उसे संरक्षित करें। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित किया कि वे अपने घर, बाड़ी अथवा खेत की मेड़ों में पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने के इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दें। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जयश्री प्रजापति ने कहा कि देश के सतत विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरण सुरक्षा के बिना किसी भी राष्ट का विकास अधूरा है। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में आम, अमरूद, आंवला, कदम, जामुन, कटहल, पीपल, गुलमोहर, करंज जैसे छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इसके अतिरिक्त पूर्व में लगाए गए पौधों की साफ-सफाई कर उन्हें वृक्षरक्षकों (ट्री गार्ड) से सुरक्षित किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. जीके मिश्रा, डॉ. विनय शुक्ला, भूपेन्द्र सिंह सहित महिला इकाई की नवनियुक्त कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जयश्री प्रजापति ने स्वयं भी सहभागिता की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ स्वयंसेवक कृष्णा राजवाड़े, शशि पोर्ते, तौफिक खान, तनुप्रिया यादव, विकास खटीक, प्रभुराम, सागर, करण, रीता, धनेश्वर सिंह, संजना, रीना, नीरज राजवाड़े, श्रेयश, नेहा, अंकित, अनुज, मेघा, उजाला और सुनैना का विशेष योगदान रहा।

### 65 हजार से अधिक लोगों की हुई सिकलसेल जांच

**बैकुण्ठपुर।** जनजातीय विकास को समर्पित धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान ने कोरिया जिले के सुदूर अंचलों में सामाजिक परिवर्तन की नई लहर पैदा की है। 15 जून से 15 जुलाई तक चले इस एक माह के विशेष अभियान के दौरान 154 जनजातीय ग्रामों में शिविरों और डोर-टू-डोर सेवाओं के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाएं और जरूरी दस्तावेज आमजन तक पहुंचाए गए। जिला प्रशासन की देखरेख में बैकुंठपुर विकासखंड 138 तथा सोनहत विकासखंड़ के 16 ग्रामों में आयोजित 175 शिविरों में 37,469 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इसमें 65,298 लोगों की सिकलसेल एनीमिया की जांच की गई। जांच में 23 क्षय रोगी भी चिन्हित किए गए, जिन्हें आवश्यक उपचार के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अभियान के दौरान 768 आधार कार्ड, 320 आयुष्मान भारत कार्ड, 391 जाति प्रमाण पत्र, 361 निवास प्रमाण पत्र,1,231 सुकन्या समृद्धि योजना खाते जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान की गईं।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजन को सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है।

# कोरिया कालरी में पानी की भारी किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी



चिरमिरी में पीने के पानी की जबरदस्त किल्लत के बीच नगर पालिक निगम की बड़ी लापरवाही सामने आई है। पीएचई विभाग के सप्लाई पॉइंट से पानी भरते समय निगम के जर्जर टैंकर से हजारों लीटर पानी बह गया। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते सप्ताह भारी बारिश के कारण हसदेव नदी में बने इंटक वेल से पीएचई विभाग की संपूर्ण पाइपलाइन बह गई थी, इससे पूरे चिरमिरी क्षेत्र में जल संकट गहरा गया। नगर निगम और पीएचई विभाग द्वारा जलापूर्ति बहाल करने में असमर्थता जताते हुए जनता से 10 दिनों का समय मांगा गया था। हालांकि धीरे-धीरे जल आपूर्ति व्यवस्था कुछ हद तक बहाल हो रही है, लेकिन अभी भी पूर्ण बहाली नहीं हो पाई है। इसी बीच कर्मचारियों की लापरवाही सामने आने लगी है।


**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर, जिला सरगुजा, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं......./अ-2/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम सिलसिला को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार अग्रवाल पिता बजरंगलाल अग्रवाल, जाति अग्रवाल, निवासी मारूती लाईफस्टाइल, कोटा रोड, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य भूमि स्थित ग्राम सिलसिला, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) स्थित खसरा नंबर 1153/1. 1153/3 रकबा क्रमशः 0.034, 0.035 हे. भूमि को कृषि भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, रजिस्ट्री इत्यादि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 25/07/2025 को मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(जगत राम सतरंज)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धौरपुर



**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर, जिला सरगुजा, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं......./अ-2/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम सिलसिला को सूचित किया जाता है कि आवेदक भज्जू सिंह पिता महेन्द्र सिंह, जाति खैरवार, निवासी ग्राम महावीरगंज, तहसील रामानुजगंज, जिला बलरामपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य भूमि स्थित ग्राम सिलसिला, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) स्थित खसरा नंबर 1166/1, 1167/1, 1167/3, 1170/1 रकबा क्रमशः 0.174, 0.141, 0.340, 0.058 हे. भूमि को कृषि भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, रजिस्ट्री इत्यादि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 25/07/2025 को मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(जगत राम सतरंज)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धौरपुर



**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर, जिला सरगुजा, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं......./अ-2/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण ग्राम सिलसिला को सूचित किया जाता है कि आवेदक निरंजन कुमार पिता भारत राम, जाति कोरवा, निवासी ग्राम सिलसिला, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर), जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य भूमि स्थित ग्राम सिलसिला, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) स्थित खसरा नंबर 1189/2, 1191/3, 1191/5, 1193/3, 1193/4 रकबा क्रमशः 0.174, 0.188, 0.081, 0.196, 0.230 हे. भूमि को कृषि भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, रजिस्ट्री इत्यादि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 22/07/2025 को मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(जगत राम सतरंज)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धौरपुर



**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर, जिला सरगुजा, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं......./अ-2/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम सिलसिला को सूचित किया जाता है कि आवेदक बसराम सिंह पिता पेखवा, जाति गोंड, निवासी ग्राम बाबापारा, तहसील प्रतापपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य भूमि स्थित ग्राम सिलसिला, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) स्थित खसरा नंबर 1145/1, 1146/1, 1148, 1164/2, 1165/2, 1168/2, 1191/4, 1160/2 रकबा क्रमशः 0.016, 0.354, 0.057, 0.105, 0.124, 0.152, 0.097, 0.162 हे. भूमि को कृषि भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, रजिस्ट्री इत्यादि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 25/07/2025 को मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(जगत राम सतरंज)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धौरपुर



लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा मार्केट

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE) DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी.(बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलाजिस्ट)
डॉ.रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & Respiratory diseases)
दमा, टीवी, छाती एवं एलर्जी
दिनांक 27 जुलाई, दिन - रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 20 जुलाई 2025, रविवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 जुलाई 2025
दिन - गुरूवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

वरिष्ठ एवं अनुभवी कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, Dr. NB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
दिनांक - 19 जुलाई 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 27 जुलाई 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
संपर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• सिर दर्द एवं माइग्रेन
• लकवा (पैरालाइसिस)
• चक्कर बेहोशी
• हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
• मिर्गी, फिट
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक न्यूरोपैथी
• हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ. सिद्धार्थ साहू
MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक - 20 जुलाई 2025
समय : दोपहर 3:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक

17 YEARS OF EXCELLENCE
के आर टेक्निकल कॉलेज
(A POST GRADUATE COLLEGE)
8435061866 9926020334 9926513170
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर से संबंध उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली से अनुमोदित
ADMISSION OPEN 2025-26 (REGULAR COURSE)
DCA BCA BBA BCOM
BSC (BIO/MATHS/CS) BA MSC (BOTANY/ZOOLOGY) MSC (CHEMISTRY)
MSC (MATHS) MSC (PHYSICS) MSC (CS/IT) MCOM
MSW MA* (HINDI) PGDBM PGDCA
SC, ST और OBC छात्रों को छात्रवृत्ति
नवीन कॉलेज कैंपस
अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे संजय नगर, जिला - सूरजपुर, छ.ग.
NEW COLLEGE CAMPUS
सिटी ऑफिस
कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमनाकला, अंबिकापुर सरगुजा, (छ.ग.), मों .98261-83771

खबर संक्षेप



## मेगा वाटर शेड प्रोग्राम के तहत दी गई जानकारी

**राजपुर।** जनपद पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर राज्य सरकार की बीआरएलएफ, एक्सिस बैंक फाउंडेशन एवं इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के संयुक्त सहयोग से संचालित हाई इम्पैक्ट मेगा वाटरशेड प्रोग्राम का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर में परियोजना के लक्ष्य, उद्देश्यों एवं कार्यान्वयन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम दौरान बताया गया कि विकासखण्ड के 44 ग्राम पंचायतों के 8000 परिवारों के साथ आजीविका संवर्धन एवं आयवर्धक गतिविधियों के माध्यम से कार्य करेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य मिट्टी कटाव को रोकना, भू-जल स्तर में वृद्धि करना, तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करना है। इसके लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्य किया जाएगा। इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के टीम लीडर राधा रमण बताया कि परियोजना का फोकस मुख्यतः छोटे एवं सीमांत किसानों पर रहेगा। उनके साथ मिलकर उत्पादक समूहों का गठन किया जाएगा जिन्हें बाजार से जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में मनरेगा, एनआरएलएम, आरईएस, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, वन विभाग के अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, तथा इंडियन ग्रामीण सर्विसेज की टीम के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संयुक्त संचालक एवं डीईओ से मिले पेंशनर



**अम्बिकापुर।** पेंशनधारी कल्याण का शिष्ट मंडल संयुक्त संचालक संजय गुप्ता से सौजन्य मुलाकात की तथा सकारात्मक सहयोग करने का आश्वासन दिया। शिष्ट मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा से सौजन्य भेंट की तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्री झा को कार्यालय में पेंशनरों के प्रकरणों का निराकरण समय पर नहीं होने तथा पेंशनरों को परेशान करने की जानकारी दी। श्री झा ने पेंशन शाखा के ब्रिज किशोर तिवारी को बुलाकर उन्हें भविष्य के लिए सचेत किया एवं मौके पर ही प्राचार्य आरएल बैस के लंबित पेंशन प्रकरण का निपटारा किया। इस दौरान संगठन के दिवाकर शर्मा, जवाहर गुप्ता, अनिल सिन्हा, विनोद सिन्हा, केके गुप्ता, सच्चिदानंद पाण्डेय, बबन राय, आरएल बैस, घनश्याम शर्मा, बलराम राजवाड़े सहित अन्य उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने किया विद्युत कार्यालय का घेराव, सौंपा ज्ञापन



**धौरपुर।** बिजली दरों में की गई वृद्धि के विरोध में कांग्रेसियों ने कनिष्ठ यंत्री कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। लगातार दूसरी बार विद्युत कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ में बिजली के दरों में वृद्धि करने के विरूद्ध सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धौरपुर और लुंड्रा में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कनिष्ठ यंत्री कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। धौरपुर कांग्रेस कमेटी ने विक्रम सिंह के नेतृत्व में बैठक कर विद्युत दरों में वृद्धि कर प्रदेश सरकार पर आम जनता पर बोझ डालकर परेशान करने का आरोप लगाया एवं राज्यपाल को ज्ञापन सौंप विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया। सोमवार को कांग्रेसियों ने चौक से रैली निकाली एवं कनिष्ठ यंत्री का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया तथा कनिष्ठ यंत्री सुनील राम लकड़ा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष गंगा प्रसाद, प्रदीप गुप्ता, दिलीप गुप्ता, सूरज यादव, सेराज खान, राम सिंह, फरीद खान, संदीप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार यात्री बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** तेज रफ्तार यात्री बस की टक्कर से दूरस्थ ग्राम तुगवा में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई । टक्कर के बाद चालक यात्री बस को नहीं रोक सका। जिससे बाइक सवार चक्के के नीचे आ गया तथा घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। रोज की तरह रविवार को बैढ़न से छाबड़ा ट्रांसपोर्ट की यात्री बस क्रमांक सीजी 15 ईबी 3057 अम्बिकापुर की ओर जा रही थी । चालक तेज रफ्तार से बस को चला रहा था। बस जैसे ही ग्राम तुगवा स्थित पुल पर पहुंची विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। बलंगी थानान्तर्गत ग्राम कोगवार निवासी विनोद पण्डो पिता बृहस्पत पण्डो (30 वर्ष) ग्राम तुगवा जा रहा था। जैसे ही वह पुल के पास पहुंचा लापरवाही पूर्व बस चालक ने उसे टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद चालक बस को नहीं रोक सका तथा बस का पहिया चढ़ गया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद बस चालक, कंडक्टर एवं क्लीनर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची बलंगी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला एवं पीएम के लिए मृतक का शव वाड्रफनगर अस्पताल भेजा।

### उदयपुर क्षेत्र के 59 पंचायतों नहीं एक भी कांजी हाउस, आए दिन होती है दुर्घटनाएं

# आवारा मवेशियों ने बढ़ाई वाहन चालक सहित किसानों की परेशानी





एनएच 130 पर मवेशियों का जमावड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

आवारा मवेशी अब राहगीरों सहित किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गए है। किसान कड़ी मेहनत कर खेत में फसल लगाते है वहीं आवारा मवेशी किसानों के आधी फसल को चट कर नुकसान पहुंचाते है जबकि एनएच 130 पर मवेशियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। हैरानी की बात यह है कि उदयपुर ब्लॉक के 59 पंचायतों में आवारा मवेशियों को धर-पकड़ करना तो दूर किसी भी पंचायत में आवारा मवेशियों को रखने एक भी कांजी हाउस नहीं है। आलम यह है कि गांव के गलियारा समेत एनएच पर बड़ी संख्या में आवारा मवेशी झुंड में खड़े रहते है जो न सिर्फ किसानों के लिए बल्कि राहगीरों के लिए भी कई तरह की परेशानी खड़ी करते हैं।

**खास बात**

■ किसानों के आधी फसल चट कर जाते है आवारा मवेशी

विकासखंड उदयपुर सहित जिले के विभिन्न सड़कों पर इन दिनों आवारा मवेशियों की संख्या काफी बढ़ गई है। उदयपुर ब्लॉक के 59 ग्राम पंचायतों के गांवों में लावारिस मवेशियों की बाढ़ सी आ गई है। लेकिन आवारा मवेशियों के धर पकड़ के लिए कोई उपाय नहीं किए गए हैं। हालांकि किसानों को आवारा मवेशियों से होने वाले नुकसान के मद्देनजर पूर्व में प्रदेश सरकार द्वारा रोका छेका योजना शुरू की गई परंतु अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के कारण यह योजना भी फेल हो गई हैं। ऐसे में गांव के गलियारों सहित एनएच 130 पर आवारा मवेशियों की झुंड आसानी से देखे जा सकते है जो किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाते है ही साथ ही सड़क दुर्घटना के कारण भी बनते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि उदयपुर ब्लाक के 59 पंचायतों में कहीं भी काजी हाउस नहीं है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे साल आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है और किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाते है। ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा मवेशियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है इसके बावजूद किसी पंचायत में आवारा मवेशियों को रखने काजी हाउस नहीं बनाया गया है। ऐसे में आवारा मवेशी अब किसानों के साथ वाहन चालकों के लिए सिर दर्द बन गए है।

### फसलों को पहुंचाते हैं नुकसान

विकास खंड क्षेत्र में अच्छी बारिश होने से अब किसान धान बोआई शुरू कर दिए है। कई किसान खेतों में धान की नर्सरी तैयार कर रहे है तो कई जगह खेतों में रोपाई शुरू हो गई है। ऐसे में खेत के आसपास घेराव नहीं होने के कारण किसानों की आधी फसल को आवारा मवेशी ही चट कर देते है। ऐसे में आज कल ग्रामीण क्षेत्र में कृषि के लिए बड़ी समस्या बन गई है।

### नौ मवेशियों मौत

एनएच 130 शिवनगर में हाल ही में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से नौ मवेशियों की मौत हो चुकी है। इसके अलवा गुमगा व डांड़गांव में हर दूसरे दिन किसी ने किसी वाहन की चपेट में आने से मवेशियों की मौत होती है जबकि कई मवेशी घायल हो चुके है। अम्बिकापुर बिलासपुर नेशनल हाईवे मार्ग पर शाम होते है आवारा पशुओं का जमावड़ा लग जाता है। एनएच होने के कारण बड़ी संख्या में भारी वाहन आवागमन करती है और हर रोज गुमगा, डांड़गांव ,उदयपुर सहित कई जगहों पर मवेशी दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। मुख्य मार्ग पर मवेशियों के झुंड होने के कारण वाहन चालकों को भी आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### दर्ज हो एफआईआर

ग्रामीण क्षेत्र के किसानों ने मांग की है कि जो आवारा पशु किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचाते है। ऐसे मवेशियों की पहचान कर पशुपालकों पर अपराध दर्ज की जाए जिससे वे अपने मवेशियों को लावारिस हालत में न छोड़ सके। साथ ही सभी ग्राम पंचायतों में कांजी हाउस व्यवस्था फिर से शुरू की जाए ताकि सुचारू रूप से खेती किसानी का कार्य हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा पशुओं के कारण कई गांवों के लोग अब खेती किसानी कार्य करना बंद कर दिए हैं जिससे जमीन बंजर पड़ी है।

### ग्राम पंचायतों नहीं है कांजी हाउस

विकासखंड उदयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कांजी हाउस की व्यवस्था नहीं है। आवारा मवेशियों को रखने के लिए ग्राम दावा में श्याम गौशाला बनाया गया है जहां आवारा मवेशियों को रखा जाता है।

-वेद प्रकाश गुप्ता
सीईओ जनपद पंचायत उदयपुर

## सड़क पर आवारा पशुओं का कब्जा हरपल दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर के मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं ने अपना कब्जा जमा लिया है। सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा होने से राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सड़को पर आवारा पशुओं के बढ़ते आतंक से हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इस संबंध में नगरवासियों द्वारा अवगत कराने के बाद भी नगर पंचायत हाथ पर हाथ धरे बैठी है। आवारा पशुओं से सड़कों को निजात दिलाने के बजाए नगर पंचायत केवल सूचना प्रसारण तक सिमट कर रह गई है। नगर पंचायत की इस उदासिन कार्यप्रणाली से नगरवासियों में असंतोष व्याप्त है। विदित हो कि नगर के मुख्य सड़कों पर आवारा पशुओं ने अपना डेरा जमा लिया है। धरपकड़ के अभाव में आवारा पशु भारी संख्या में दिन रात सड़कों पर डटे रहते है। खासकर नेशनल हाईवे क्रमांक 43 में शहीद भगत सिंह चौक एवं नगर पंचायत कार्यालय के सामने केशला रोड़ इनका अड्डा बन गया है। सड़को पर आवारा पशुओं का कब्जा होने से आवागमन बाधित हो जाता है। आवागमन बाधित करने के साथ आवारा पशु सड़को पर जमकर उत्पात मचाते है जिसकी चपेट में आकर कई बार बाइक सवार राहगीर दुर्घटना के शिकार हो चुके है। धरपकड़ के अभाव में सड़कों पर आवारा पशुओं की मौजूदगी से स्कूली बच्चों समेत नगरवासियों को हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इस संबंध में नगर पंचायत को कई बार अवगत कराने के बाद भी नगर पंचायत हाथ पर हाथ धरे बैठी है जबकि नगर को इनके आतंक से मुक्ति दिलाने आवारा पशुओं को कांजीहाउस में डालना चाहिए था। नगर पंचायत ऐसा न करके केवल सूचना देकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। गौरतलब है कि नगर पंचायत के पदाधिकारी अधिकारी सभी इन सड़कों से होकर कार्यालय पहुंचते है। इनका भी सामना सड़को पर कब्जा जमाए आवारा पशुओं से होता है इसके बाद भी कोई ठोस कदम नही उठाना नगर पंचायत की नाकामी को दर्शाता है। सड़क पर आवारा पशुओं की वजह मुश्किलों का सामना कर रहे नगरवासियों में नगर पंचायत की उदासीनता को लेकर आक्रोश व्याप्त है। नगरवासियों ने सड़को पर डेरा जमाए आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की है ताकि इनकी वजह से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

■ कई लोग हो चुके है हादसे का शिकार, शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमदान कुजूर ने बताया कि आवारा पशुओं के धर पकड़ की कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि आवारा मवेशियों को पकड़ा जाए।



## कवि नीरज और मंगल पाण्डेय की स्मृति में समिति ने की काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



महान स्वतंत्रता सेनानी मंगल पाण्डेय की जयंती और गीतकार गोपालदास नीरज की पुण्यतिथि पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में गीतामर्मज्ञ ब्रह्मशंकर सिंह की अध्यक्षता में शायर-ए-शहर यादव विकास, लीला यादव, चंद्रभूषण मिश्र और रामलाल विश्वकर्मा के आतिथ्य में काव्य गोष्ठी की।

गोष्ठी में मां वीणावती की पूजा और रामचरितमानस व सरगुजिहा रामायण के संक्षिप्त पाठ से प्रारंभ हुई। गीता मर्मज्ञ ब्रह्माशंकर सिंह ने कवि गोपालदास नीरज को गीत-गगन का ध्रुवतारा बताया तथा कहा कि वे ऐसी इकलौती शख्सियत थे जिन्हें शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में दो बार पद्म पुरस्कार दिया गया। वे प्रेम के सच्चे पुजारी थे। उन्होंने तमाम उम्र प्रेम की भाषा में बात की और उसी को अपनी रचनाओं का मूलाधार भी बनाया। अर्चना पाठक ने कहा कि नीरज ने हिन्दी गीतों को नया स्वरूप और सौंदर्य प्रदान किया। उन्हें गीत ऋषि और गीतों का राजकुमार भी कहा गया। वरिष्ठ व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय ने स्वतंत्रता सेनानी मंगल पाण्डेय के बलिदान को याद किया तथा उन्हें प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अलख जगाने वाले क्रांति का सूत्रधार बताया। काव्यगोष्ठी में श्यामबिहारी पाण्डेय ने पता नहीं इतिहास तुम्हे किस जिल्लत में हम रहते थे, रामलाल विश्वकर्मा ने थे अग्रज क्रांतिकारी वे, मंगल पाण्डेय कहलाते थे, अंजू पाण्डेय ने थम रही है नब्ज तो रक्त का संचार कर, मुकुंदलाल साहू ने आजादी के यज्ञ में था जिनका बलिदान, अर्चना पाठक ने दुखियों का दुख दूर करने, आदमी है वह, जयंत खानवलकर ने बात सदा ऐसी करो, जिसमें कि वजन हो, संतोष सरल ने जमीं के खुदाओं से लबरेज है ये दुनिया, निर्मल गुप्त ने आज एक बार फिर जिंदगी से मुलाकात हुई, विनोद हर्ष ने ऐसा कोइ लम्हा तेरी दृष्टि में भले बहुत साधारण होगा, गीता द्ववेदी ने मेरे आसुओं का असर ये होगा, सीमा तिवारी ने मां ने उर अमृत पिलाकर हमको जीवनदान दिया, चंद्रभूषण मिश्र ने अपनी वफा और उसकी बेवफाई में भी इतराता ही रहा, राजेन्द्र राज ने जावा बहुरिया देवा हमु ला बियारी, अजय श्रीवास्तव ने बरसात वो ना आएगी एवं शहर-ए-शहर यादव विकास ने जो हुआ उसको भुलाया जाए, आइए अब हाथ मिलाया जाए रचना सुनाई। गोष्ठी का संचालन अजय सागर, अर्चना पाठक ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जयंत खानवलकर ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, लीला यादव, प्रियंका तिवारी, मनीलाल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## जातीय जनगणना के आधार पर शिवनन्दनपुर के 15 वार्डों का तय होगा आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



नगर पंचायत शिवनंदनपुर में अब निर्वाचन प्रक्रिया जल्द ही कराए जाने हेतु जिला निर्वाचन आयोग द्वारा प्रक्रिया तेज कर दी गई है । जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर आज सोमवार को नपं शिवनंदनपुर के विभिन्न 15 वार्डों के आरक्षण के लिए सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना 2011 को आधार मानते हुए गणना ब्लॉक से वार्डों का चिन्हांकन कर दिया गया है।

■ बतौर नगर प्रशासक, सूरजपुर तहसीलदार रहे सभाकक्ष में उपस्थित

गौरतलब है कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के वार्डों के आरक्षण के लिए सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना 2011 को आधार मानते हुए गणना ब्लॉक से वार्डों का वर्गवार जनसंख्या ली गई है।सोमवार को कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित नगरवासियों को इस संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई, जिला निर्वाचन अधिकारी एस जयवर्धन द्वारा वार्डों के आरक्षण हेतु जनसंख्या के आधार पर मंगाई गई जानकारी के लिए उक्त प्रक्रिया पूर्ण की गई है।बताया गया कि अब वार्डों के आरक्षण में यह स्थिति स्पष्ट होगी कि किस वार्ड में किस जाति के लोगों की संख्या कितनी है,जिसके आधार पर वार्डों का आरक्षण तय किया जा सकेगा। नगर पंचायत शिवनंदनपुर के राजनितिक दल के सदस्य व आम नागरिक के समक्ष उक्त जानकारी सार्वजनिक की गई, साथ ही यहां पर रजत जयंती वर्ष मनाए जाने हेतु रजत वाटिका चयन हेतु भी चर्चा की गई।बैठक में नगर प्रशासक सुरजपुर तहसीलदार सुर्यकांत साय,नपं के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील सिन्हा,कृष्ण गोयल बल्लु,श्यामू साहू, रितेश जायसवाल,अशोक अग्रवाल, शितिकांत स्वांई बाबू,मनी बग्गा, रामलाल सोनी,दीपेन्द्र चौहान, वेद प्रकाश मिश्रा,रामनारायण सिंह, विवेक मित्तल व अन्य नागरिक उपस्थित रहे।




## सावन उत्सव सहित विविध कार्यक्रम के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित टाउन हॉल में केशरवानी वैश्य सभा द्वारा सामाजिक सम्मेलन एवं सावन उत्सव कार्यक्रम का बृहद आयोजन समाज के संरक्षक गौरी शंकर केसरी, रामेश्वर केसरी, हरिद्वार केसरी, दिलीप केसरी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक, खेलकूद एवं बौद्धिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि कश्यप के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन पूजा अर्चना एवं आरती के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष वेद प्रकाश केशरी एवं सचिव सत्य प्रकाश केशरी ने कहा कि नगर में आयोजित समाज के कार्यक्रम में इतनी संख्या में लोग एकत्रित हुए हैं निश्चित रूप से ऐसे आयोजन से समाज को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे। केसरवानी तरुण सभा के अध्यक्ष धर्म प्रकाश केशरी एवं सचिव नयन केसरी ने कहां कि समाज के सभी लोगों के सहभागिता से आयोजन संपन्न हो रहा है। केसरवानी महिला सभा के अध्यक्ष शोभा गुप्ता एवं सचिव प्रियंका केसरी ने कहा कि समाज के आयोजन में इतनी संख्या में महिलाओं का आना निश्चित रूप से महिलाओं के जागरूकता का परिचायक है। लंबे समय के बाद समाज द्वारा आयोजन को लेकर समाज के लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस दौरान प्रेमनाथ केसरी, संजय केसरी संतोष केसरी, जितेश केसरी, देवेंद्र केसरी, मुकेश केसरी, रूपेश केसरी, रिशु केसरी, आर्यन केसरी, धोनी केसरी, सन्नी केसरी, आनंद केसरी, योगेश केसरी, हिमांशु केसरी, मितेश केसरी, ज्ञान केसरी, बंटी केशरी, जस्सू केसरी, प्रियांशु केसरी, एकता केसरी, पूजा केसरी, आरती केसरी, रिंकी केसरी संगीता केसरी, पूनम केसरी, इंदु केसरी, सुप्रिया केसरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## केतकी खदान में मांगों को लेकर ठेका श्रमिकों ने शुरू की क्रमिक भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मानीचौक



एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के एमडीओ मोड की केतकी खदान में एसकेएमएस एटक के बैनर तले ठेका श्रमिकों द्वारा 9 सूत्रीय मांग को लेकर 5 दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल आज सोमवार से शुरू कर दी गई है। भूख हड़ताल में प्रथम दिन संतलाल,महेंद्र किंडो,होसराम, सिकंदर रामनाथ ने बैठकर आंदोलन का आगाज किया।

केतकी खदान के ठेका श्रमिकों के क्रमिक भूख हड़ताल के पहले दिन पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े ने केतकी खदान पहुंचकर धरना स्थल पर उपस्थित ठेका श्रमिकों से कहा कि जिले के ग्रामीण श्रमिकों का एसईसीएल प्रबंधन और एसएमएस कंपनी के ठेकेदार मिलकर शोषण कर रहे हैं। मजदूरों से काम लेने के बाद आधा पैसे का भुगतान करना आपराधिक कृत्य है, जो ठेका श्रमिक वेतन वापसी का विरोध करता है,तो उसे काम से बैठा दिया जाता है। कार्य एग्रीमेंट के एक भी नियम का पालन नहीं करना खान प्रभावित क्षेत्र के श्रमिक का शोषण है,जो बर्दास्त नहीं किया जाएगा। एटक नेता अजय विश्वकर्मा ने कहा कि एसईसीएल प्रबंधन और एसएमएस कंपनी दोनों मिलकर केतकी खदान में आसपास के ग्रामीण श्रमिकों का शोषण कर रहे हैं।जिले के बाहर के श्रमिकों को आधा अधूरा वेतन भुगतान देकर काम पर लगाया जा रहा है,बाहरी मजदूरों को खान परिसर के भीतर ही आवासीय व्यवस्था देकर बंधुआ मजदूरों की तरह 12 से 14 घंटे काम लिया जा रहा है।श्री विश्वकर्मा ने प्रबंधन को आगाह किया कि खान परिसर में ठेका श्रमिकों को प्रदत आवासीय व्यवस्था तत्काल समाप्त किया जाए।एटक के सचिव पंकज गर्ग ने क्रमिक भूख हड़ताल के मुद्दों पर बताया कि केतकी भूमिगत खदान के काम से बैठाए गए सभी ठेका श्रमिकों को तत्काल काम पर सवेतन वापस लिया जाए, काम से बैठा देने की धमकी देकर श्रमिकों से आधा वेतन वापस लेना बंद हो,एसकेएमपीएल के अधीन रैली ग्रुप कंपनी में कार्यरत ठेका श्रमिक का सीएमपीएफ फंड में जमा राशि का पूर्ण भुगतान करवाया जाए,ठेका श्रमिकों को वेतन पर्ची प्रदान किया जाए,ठेका श्रमिकों को नियमानुसार छुट्टी प्रदान किया जाए,अवंती इलेक्ट्रिकल में कार्यरत कई ठेका श्रमिकों को तत्काल एरियर एवं बोनस राशि का भुगतान किया जाए,केतकी भूमिगत खदान में कार्यरत सुरक्षा प्रहरियों को एचपीसी वेज भुगतान हो,ठेका श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को चिकित्सा, शिक्षा की पुख्ता व्यवस्था हो, केतकी भूमिगत खदान में स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार प्रदान किया जाए, यहाँ पर पोड़ी एवं जोबगा गांव के सरपंच ने कहा कि ग्रामीणों का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। कई बार केतकी एसईसीएल प्रबंधन एवं एसएमएस ठेकेदार से बैठक किया गया किंतु कोई समाधान नहीं निकला। कांग्रेसी नेता अनुपम फिलिप, सीटू के क्षेत्रीय अध्यक्ष देवेंद्र सोढ़ी, एटक के क्षेत्रीय अध्यक्ष हीरा लाल एवं सजल मित्रा ने भी ठेका श्रमिकों के समर्थन में अपने अपने विचार रखे।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

डॉ. आशीश कुमार जायसवाल — जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB — शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho — हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS — हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB (Ortho) MNAMS (Lilavati Hospital Mumbai) — हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS(General Surgeon) — जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले — MS, ENT — नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. नताशा शर्मा — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा — एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO — कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. संगिता भारती — चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता — श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई — शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य — जनरल फिजिशियन
डॉ. राहूल शामकांत जाधव — एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) — दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता — न्यूरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव — आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
1.5 TESLA MRI
डॉ. हेमलता साहू — फिजियोथैरेपी

अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262839090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 को परीक्षा के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 27 जुलाई की सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया है। व्यापम द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश हेतु अपने साथ फोटो युक्त मूल पहचान पत्र अवश्य लाना होगा। परीक्षा हेतु निर्धारित समय सुबह 10 बजे से आधा घंटा पूर्व सुबह 9.30 बजे परीक्षा केन्द्रों की मुख्य द्वार बंद कर दी जाएगी। परीक्षार्थियों को सुबह 9.30 बजे तक परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश लेने कहा गया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा में हल्के रंग के आधी बांह का कमीज पहन कर ही आना होगा तथा जूता पहनकर परीक्षा में उपस्थिति प्रतिबंधित है। परीक्षार्थी चप्पल पहनकर आए, कान में ईयर रिंग की अनुमति नहीं है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा व परीक्षा समाप्त होने के आधा घंटा पूर्व बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर उसका पालन करने कहा गया है।

### स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने किया एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल



**कुसमी।** जिला मुख्यालय बुधवारी बाजार में छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के बैनर तले स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के कर्मचारी द्वारा जिला स्तरीय सांकेतिक धरना का प्रदर्शन किया गया। एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन 2 सूत्रीय मांगों को लेकर किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री के के नाम ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंप कर दो मांगे रखी गई है ,जिसमें नियमित वेतन वृद्धि एवं वेतन निर्धारण तथा शिक्षा विभाग में संविलियन एवं नियमितीकरण करने की मांग की गई है।एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन के दौरान छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलरामपुर के समस्त संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विधायक शकुंतला ने तेंदूपत्ता संग्राहक महिला सदस्यों को बांटे चरण पादुका



**प्रतापपुर।** प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित घुई, रेवटी, गोविंदपुर द्वारा आयोजित वन धन भवन केंद्र घुई में जनकल्याणकारी चरण पादुका योजना अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहक महिला सदस्यों को चरण पादुका वितरित किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक शकुन्तला सिंह पोर्ते, सुमित्रा सिंह, सुखमनिया आयाम, संजय मरावी, चंद्रिका प्रसाद यादव, संकलेश पटेल, नितेश पटेल, केदारनाथ, रामसिंह, राजकुमार, मंजू देवी, प्रेमावती पटेल, धनसाय मरावी, हेम कल्याण सिंह, शिवकुमार, सुरेश यादव, अतुल, इंद्र देव प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिधि के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

### महूली बस स्टैंड चौक से डंपर की बैटरी ले उड़े चोर

**बिहारपुर।** दूरस्थ चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में चोरी का सिलसिला थमने का नाम नली ले रहा हैं। बीती रात चोरों ने ग्राम पंचायत महूली बस स्टैंड चौक पर खड़े डंपर से दो नग बैटरी को पार कर दिया। सुबह वाहन स्वामी को चोरी की जानकारी मिली तो उसने थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बिहारपुर क्षेत्र में कबाड़ का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। कबाड़ के कारोबारियों द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है। चोरी की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। बीते दिन महुली से बकरा चोरी होने के मामले में पीड़ित ने नाम दर्ज रिपोर्ट दर्ज करायी थी लेकिन अभी तक मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। क्षेत्र के ग्राम चोंगा महूली सहित आसपास के गांवों में कभी मोटर पंप तो कभी सोलर कंट्रोलर एवं पैनल, बकरी इमरती लकड़ी की चोरी की धटनाएं लगातार हो रही हैं। बीते वर्ष मां गढ़वतिया देवी धाम में लाखों की घंटी चोरी का मामला अब तक नहीं सुलझ पाया है।

## शंकर घाट बांक नदी से जल लेकर शुरू की 60 किमी कठिन यात्रा

# हरहर महादेव और बोलबल के जयकारों के साथ कैलाश गुफा के लिए कांवड़ियों का जत्था रवाना



कैलाश गुफा जाते कांवरिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सावन के दूसरे सोमवार को कांवरियों की टोली कैलाश गुफा के लिए रवाना हुआ। कांवरियों ने शंकर घाट स्थित बांक नदी से जल उठाकर हर-हर महादेव व बोलबम के जयकारे के साथ 60 किलोमीटर की कठिन यात्रा शुरू की। कांवरियों की इस यात्रा के लिए कांवरियां सेवा समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थी। साथ ही शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा उनका जगह जगह स्वागत किया गया और उनके जलपान की व्यवस्था की गई। देर शाम तक कांवरिए अपने पहले पड़ाव बतौली तक पहुंच गए थे।

**खास बात**

- बतौली में किए रात्रि विश्राम, आज करेंगे जलाभिषेक

सावन माह के शुरू होते ही शिव भक्तों का बैजनाथ धाम, कैलाश गुफा, शिवपुर धाम सहित अन्य शिवालयों में जलाभिषेक के लिए कांवरियों की टोली का रवाना होने का सिलसिला शुरू हो गया है जिससे सावन के महीने में पूरा सरगुजा भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है। सावन के दूसरे सोमवार को एक साथ संभाग भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु कैलाश गुफा के लिए रवाना हुए। कैलाश गुफा रवाना होने के लिए रविवार की शाम से ही सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर जिले से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शहर में पहुंचने लगे थे। शहर में खरीददारी करने और अपनी यात्रा की तैयारी करने के पश्चात देर रात से ही शंकरघाट स्थित बांक नदी के किनारे एकत्रित होने लगे थे। रात लगभग 2 बजे बांक नदी में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना की और बांक नदी से ही जल उठाकर 60 किलो मीटर की कठिन यात्रा शुरू की। कांवरियों की टीली शंकरघाट से रामानुजगंज चौक, स्कूल रोड़, महामाया चौक, सदर रोड, अग्रसेन चौक, रायगढ़ रोड होते हुए कैलाश गुफा के लिए अपनी यात्रा शुरू की। कांवरियों द्वारा बांक नदी शंकर घाट से जल उठाकर कैलाश गुफा जाने का सिलसिल दोपहर तक जा रहा जिससे कैलाश गुफा की यात्रा के दौरान शहर बोलबम और हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान रहा। शाम तक सभी कांवरिए अपने पहले पड़ाव बतौली पहुंच चुके थे। इस दौरान कांवर यात्रा को लेकर शहर के चौक चौराह सहित कैलाश गुफा मार्ग के रास्ते में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था जबकि मार्ग से भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया था।

### स्वास्थ्य कैंप में कावड़ यात्रियों की गई सेवा



शहर के शंकर घाट बांक नदी से आज हजारों की संख्या में कांवरियों का जत्था कैलाश गुफा के लिए रवाना हुआ। 60 किमी की कठिन यात्रा पर निकले कांवरियों की सेवा के लिए पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव एवं आदि बाबा के मार्गदर्शन में युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष व नगर निगम पार्षद शुभम जायसवाल के पहल पर कावड़ यात्रा में निकले श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य कैंप में जितने भी कावड़ यात्रियों को जो-जो दिक्कत आ रही थी उन सभी की दवाइयां उपलब्ध कराई गई। साथ ही कंपाउंडर के माध्यम से उपचार कर सेवा की गई। इस दौरान चंद्र प्रकाश सिंह, अमित सिंह, राहुल सोनी, अनिकेत गुप्ता, अंकुर साहू, समीर गुप्ता, रवि अनुग्रह, मनीष साहू, आयुष, वंश आर्यन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### स्वच्छता का संदेश देते झाड़ू लगाते निकले कांवरिया



बोलबम के जयकारों के साथ आज हजारों की संख्या में कांवरिया शंकर घाट से जल लेकर कैलाश गुफा के लिए रवाना हुए। इस बार कांवरियों में स्वच्छता व सेवा के प्रति समर्पण देखा गया। हजारों श्रद्धालु कांवर में जल लेकर जा रहे थे, लेकिन एक ऐसा जत्था दिखा जो रास्ते में पूरी सड़क पर झाड़ू लगाकर सड़क को साफ करते चल रहा था। इतनी अधिक भीड़ रास्ते से गुजरने के बाद मार्ग का गंदा होना स्वाभाविक है। जगह-जगह भंडारे के कारण दोना पत्तल भी मार्ग में आ जाते हैं। स्वच्छता की सेवा देने वाले कांवरिया मार्ग को साफ करते कैलाश गुफा जाते नजर आए।



### जगह जगह हुआ स्वागत

कैलाश गुफा के लिए रवाना होने वाले कांवरियों का जगह जगह स्वागत किया गया। कांवरिया सेवा समिति के साथ ही विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा कांवरियों के लिए रास्ते में जलपान की व्यवस्था की गई थी। स्कूल रोड गौरी मंदिर के समीप,थाना चौक, सदर रोड, खरसिया रोड, काली मंदिर के समीप कांवरियों के लिए खास व्यवस्था देखने को मिली। इसके अलावा एनएच 43 पर जगह जगह स्वागत किया गया। यहां कांवरिए भोले बाबा के भक्ति गीतों की धुन पर जमकर नाचते गाते नजर आए।

### बतौली में जगराता का कार्यक्रम

पैदल कैलाश गुफा की यात्रा करने वाले कांवरिए देर शाम तक बतौली पहुंच गए थे। कांवरियों के लिए समितियों द्वारा बस स्टैंड, मंगल भवन, अग्रसेन भवन में रुकने व भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान कांवरियों की सेवा करने के लिए भी लोगों की भीड़ उमड़ी। कांवरियों के मनोरंजन के लिए जगराता कार्यक्रम किया गया जिसमें कलाकारो ने प्रस्तुति दी। मंगलवार की सुबह कांवरिए पुनः अपनी यात्रा शुरू करेंगे और कैलाश गुफा पहुंचकर विश्राम करेंगे। ज्यादातर कांवरिया रात को ही कैलाश गुफा पहुंचकर कतार में लग जाते है और सुबह होते ही जलाभिषेक करते है।

### जर्जर सड़क ने बढ़ाई परेशानी

आज शंकर घाट बांक नदी से हजारों की संख्या में कांवरियों का जत्था कैलाश गुफा के लिए रवाना हुए। 60 किलोमीटर की कठिन यात्रा के दौरान कांवरियों को शहर के भारत माता चौक से लेकर लुचकी घाट के जर्जर सड़क व गड्ढे से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा मुख्य मार्ग से लगभग कैलाश गुफा तक की लगभग 4 किलोमीटर जर्जर व पत्थरीले मार्ग से कई कांवरियों के पैरों में छाले पड़ गए।

### अर्धनारेश्वर शिवलिंग का दूसरे सोमवार भी महारुद्राभिषेक



**बिश्रामपुर।** ग्राम देवटिकरा स्थित देवगढ़ धाम में समाजसेवी बिश्रामपुर निवासी सुभाष गोयल व अंबिकापुर निवासी विजय गोयल ने सपरिवार आज श्रावण मास के दूसरे सोमवार को बाबा का पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि-खुशहाली की कामना की।धार्मिक आयोजन पंडित चंद्रेश महाराज के सानिध्य में मुख्य यजमान सपत्नीक सुभाष गोयल एवं विजय गोयल ने देवगढ़ धाम स्थित अर्धनारेश्वर शिवलिंग का गन्ना रस,दूध,गंगाजल एवं पंचामृत से महारुद्राभिषेक किया,साथ ही सवा पांच करोड़ शमीपत्र, बिल्वपत्र, पुष्प, अखंड अक्षत, जौ, काली तिल, काली मिर्च व अन्य पूजन सामग्री से सहस्त्रार्चन किया,धार्मिक आयोजन पश्चात गोयल परिवार द्वारा बाबा को महा-भोग लगाकर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें काफी संख्या में पहुंचे शिवभक्तों ने भोग ग्रहण किया।श्री गोयल ने शिव भक्तों से आह्वान किया है कि 22 जुलाई मंगलवार को प्रतिवर्ष की भांति सूरजपुर से निकलने वाली कावड़ यात्रा में अधिकाधिक भक्त शामिल हों।आयोजन को सफल बनाने में गोयल परिवार के सदस्यों सहित देवटिकरा के जनपद सदस्य विजय यादव, नान्हू राम अग्रवाल, मोहन गोयल, सीए दिनेश अग्रवाल, रमेन्द्र सिंह, मौनी बाबा,पार्षद प्रशांत साहू, श्रीराम पांडेय,लखनपुर से सुनील अग्रवाल,सुरेश पांडेय, धीरज पांडेय, महेंद्र रजक सहित अन्य भक्त सक्रिय रहे।

### शिव भक्तों ने गलफुल्ला नदी से जल लेकर राजा तालाब शिव मंदिर में किया जलाभिषेक

**कुसमी।** जशपुर रोड गलफुल्ला नदी से बड़ी संख्या में कांवरियों की टोली ने जल लेकर लगभग 2 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर राजा तालाब तहसील पारा शिव शंकर मंदिर में जलाभिषेक किया। इस वर्ष यहां प्रथम कावड़ यात्रा की शुरुआत शिव भक्तों द्वारा करते हुए बोलबम के नारा लगाते एवं भजन कीर्तन हुए शिव शंकर मंदिर में पहुंचे जहां पूजा अर्चना पश्चात जलाभिषेक किया। कावड़ यात्रा में महिला एवं पुरुष कांवरियों की संख्या अधिक थी। उम्मीद है, अगले वर्ष इस वर्ष से भी ज्यादा संख्या में कावड़ यात्रा में भक्त सम्मिलित होकर जलाभिषेक करेंगे।



### सूने मकान से नकदी समेत सामानों की चोरी, जुर्म दर्ज

**बिश्रामपुर।** ग्राम रामेश्वरपुर में दिन दहाड़े किसान के सुने मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर नगदी समेत सामान पार कर दिए हैं।गौरतलब है कि ग्राम रामेश्वरपुर निवासी प्रार्थी 55 वर्षीय रामचरण एक्का पिता स्व. सोमरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 जुलाई की सुबह लगभग 7 से 8 बजे के बीच वे अपनी पत्नी और नाती के साथ अपने खेत में रोपा लगाने गए हुए थे, इस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था,प्रार्थी किसान का बेटा गिरजा एक्का और बहू इलाज कराने सरगवा अंबिकापुर गए हुए थे,इसके बाद करीब 11 बजे बहू घर लौटी, तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है और सिकड़ी टूटी हुई है।जब वह अंदर गई, तो घर का सामान पूरी तरह बिखरा पड़ा था।बहू ने तत्काल अपने ससुर रामचरण को खबर दी,घर लौटने पर प्रार्थी ने देखा कि अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे 40 हजार रुपए नकद समेत कांस की थाली,लोटा,कटोरी सहित कुल 57 सौ रुपए घरेलू बर्तन चोरी कर ले गए हैं।लटोरी पुलिस ने प्रार्थी रामचरण एक्का की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### शिक्षक ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को टाई-बेल्ट कॉपी-पेन का वितरण कर कराया न्यौता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिटकाहीपारा कोट संकुल केन्द्र के शिक्षक सुरेन्द्र राजवाड़े ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत समस्त बच्चों को टाई, बेल्ट,कॉपी,पेन वितरण कर न्योता भोज कराया।

नवीन शिक्षा सत्र के अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत कार्यक्रम के तहत विद्यालय स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन मुख्य अतिथि सरपंच जगनारायण सिंह,धर्मसाय सिंह, संजु गुप्ता ,धनी राम सिंह, रोशन गुप्ता, शिव मनोहर ,बसंत प्रजापति के बीच संपन्न हुआ। नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक व मिष्ठान खिलाकर किया गया। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक फूलसिंह ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से निश्चित ही बच्चों का उत्साहवर्धन होता है। मुख्य अतिथि जगनारायण सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अनुशासन में रहने, गंभीरता पूर्वक शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता चांसी प्रसाद कुशवाहा व आभार सुरेन्द्र राजवाड़े द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य कमल किशोर पाण्डेय, व्याख्याता चांसी प्रसाद कुशवाहा, श्रीमती सरिता राजवाड़े, प्रधान पाठक बाबुलाल साहू, जशलाल सोनवानी, फूलसिंह, निर्मल प्रसाद, नागेन्द्र यादव, श्रीमती शकुंतला राजवाड़े, श्रीमती उर्मिला रवि, रोहित साहू, राधेश्याम साहू, अनिल कुमार साहू, केशरी राजवाड़े, देवचंद सिंह, लक्ष्मी ठाकुर, खेलसाय सिंह सहित बच्चे उपस्थित रहे।

### गोवर्धनपुर विद्यालय में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**पोड़ीमोड़।** शासकीय उमावि गोवर्धनपुर में शाला प्रवेश उत्सव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि देवपाल पैकरा के मुख्य अतिथि में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती चंद्रमणि देवपाल पैकरा द्वारा सर्व प्रथम मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगा कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा बहुत जरूरी है शिक्षा के बदौलत ही हमारी संपूर्ण विकास संभव है इसलिए सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मन लगाकर अध्यापन कार्य संपन्न करें। इस दौरान सुमित्रा सिंह, प्राचार्य दीपक गुप्ता, प्रदीप पटेल, अंशुमान पटेल, अवधेश गुप्ता, उदय नारायण मरावी, अरुण पटेल, अनुज कुमार, राहुल पांडे, पवन साहु, अरुण कुमार, दीक्षा पटेल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं व ग्रामीण उपस्थित रहे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### पण्डोनगर स्थित सड़क में मिट्टी धंसने से चावल लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**बिश्रामपुर।** ग्राम पण्डोनगर स्थित एफसीआई गोदाम से चावल लोडकर रैक प्वाइंट जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।दुर्घटना में चालक को अंदरूनी चोट आई है।गौरतलब है कि सोमवार की दोपहर करीब सवा एक बजे ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 1303 का चालक बिश्रामपुर निवासी सुदामा सिंह ग्राम पण्डोनगर स्थित एफसीआई गोदाम से चावल लोडकर रैक प्वाइंट कमलपुर की तरफ जा रहा था।तभी एनएच 43 किनारे पण्डोनगर की बदहाल सिंगल सड़क पर मार्ग के एक ओर अन्य ट्रकों के खड़े रहने की वजह से मिट्टी धंसने पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया।गौरतलब है कि एनएच 43 से ग्राम पण्डोनगर जाने वाले मार्ग की स्थिति इन दिनों काफी दयनीय हो गई है।सड़क पर बड़े गड्ढे होने व भारी भरकम वाहनों के आवागमन की वजह से आए दिन स्थानीय ग्रामीण भी छोटी बड़ी दुर्घटनाओं के शिकार होते रहते हैं।बावजूद इसके राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों की उक्त गंभीर समस्या की तरफ आज तक किसी जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि ने ध्यान देना उचित नहीं समझा है।ऐसे में स्थानीय लोगों में खासी नाराजगी व्याप्त है,उक्त दुर्घटनाग्रस्त ट्रक पंकज सिंह की बताई जा रही है।



■ रैक पॉइंट कमलपुर में चावल खाली करने जा रहा था ट्रक

## जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में मंत्री राजवाड़े ने किया आम के पौधे का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में वनपरिक्षेत्र अंतर्गत गायत्री रोपणी नमदगिरी के समीप जिला स्तरीय वन महोत्सव एवं एक पेंड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वनमण्डलाधिकारी पंकज कमल द्वारा स्वागत उद्बोधन में जानकारी दी गई कि सूरजपुर वनमण्डल अंतर्गत वर्षा ऋतु में वनमण्डल अंतर्गत विभागीय, कैम्पा, ग्रीन इंडिया मिशन, ग्रीन क्रेडिट योजना के तहत 7.00 लाख पौधों का रोपण किया जा रहा है। किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत हितग्राहियों के निजी भूमि पर 2.50 लाख क्लोनल नीलगिरी पौधों का रोपण किया जाएगा, साथ ही मनरेगा योजना के तहत तैयार किए गए पौधों का निःशुल्क वितरण ग्रामीणों को किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला यूनियन अंतर्गत वर्ष 2024-25 तेंदूपत्ता सीजन के दौरान कुल 30 समितियों के 61413 महिला तेंदूपत्ता संग्राहकों को छ.ग. शासन के योजना अनुसार चरण पादुका का वितरण किया जा रहा है।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा तेन्दूपत्ता संग्राहक महिलाओं के परेशानियों को ध्यान में रखते हुए इस योजना की शुरूआत की गई थी, ताकि उन्हे तेन्दूपत्ता संग्रहण के दौरान कंकड़, पत्थर, कांटे उनके पैरों में न चुभें और वे सरलता व सहजता से अधिक से अधिक तेन्दूपत्ता का संग्रहण कर सकें। विगत पांच वर्षों से तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवारों को चरण पादूका वितरण का बंद था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पुनः योजना शुरू की। उनके द्वारा पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक पेंड़ लगाने की बात कही गई, ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण प्रदान किया जा सकें। मत्री श्रीमती राजवाड़े ने एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत आम के पौधे का रोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम चल रहा है प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ पौधे अवश्य लगाने चाहिए साथ ही यह संकल्प लेना चाहिए कि जब तक यह पेड़ पौधे बड़े नहीं होते, हम उनकी देखभाल भी करें। इस दौरान प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, पूर्व गृह मंत्री व वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिक, जनप्रतिनिधि,अधिकारी व लोगों द्वारा 50 पौधों का रोपण किया गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम पर 1500 पौधों का वितरण किया गया और स्कूलों में 500 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती चन्द्रमणि पैकरा, श्रीमती रेखा राजलाल राजवाडे, श्रीमती स्वाति सिंह, मनमत कुमार बछाड, शैलेष कुमार अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, कलेक्टर एस जयवर्धन, जिपं सीईओ श्रीमती कमलेश नन्दिनी साहू, आशुतोष भगत व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

